प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
19.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी सेवाएं शुरू करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में स्वास्थ्य विभाग की एक बैठक में उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ रोबोटिक सर्जनों की भर्ती के लिए एक प्रस्ताव जल्द ही मंत्रिमंडल के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है और चिकित्सा महाविद्यालयों व अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिमला के चमियाणा स्थित अत्याधुनिक अस्पताल में एम्स की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाओं प्रदान की जाएंगी।

जगत सिंह नेगी

राज्य सरकार वन भूमि पर सेब के पौधों के कटान के मामले में उच्चतम न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाएगी। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश पर सेब के पौधे काटे जा रहे हैं और इससे काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि सेब के पौधे न कटे, लेकिन अदालत राज्य सरकार की याचिका को नहीं मान रही है। राजस्व मंत्री ने बताया कि प्रदेश में भारी वर्षा से अब तक जान–माल को काफी नुकसान हो चुका है। राज्य में एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 2 सौ 31 संपर्क सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा बिजली की 41 और 56 पेयजल योजनाएं अभी भी बाधित हैं। जगत सिंह नेगी ने बताया कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार प्रदेश में भारी वर्षा से एक हज़ार करोड़ रूपये से अधिक की संपत्ति को नुकसान पहुंच चुका है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने अधिकारियों को केंद्र प्रायोजित विकास योजनाओं के कार्यों में तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। ऊना में आज ज़िला विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। अनुराग ठाकुर ने सांसद निधि से मंजूर किए गए सभी कार्यों को इस वर्ष दिसंबर तक पूरा करने को कहा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में अरबों रूपए के विकास कार्य चल रहे हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और अधिकारियों को लक्ष्य प्राप्ति के साथ गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने ऊना ज़िले के मलाहत में बन रहे पीजीआई सैटेलाईट सैंटर के कार्य में देरी पर नाराज़गी जताते हुए निर्माण एजेंसी को इस वर्ष दिसंबर तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल एक्सप्रेस

ट्रेन में अगले वर्ष मार्च तक सभी नए कोच जोड़े जाएं और सभी रेलगाड़ियों में शौचालय सुविधाएं सुनिश्चित की जानी चाहिएं।

मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में रूक–रूक कर मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने 20 से 24 जुलाई तक राज्य के अनेक भागों में भारी वर्षा की संभावना जताई है। शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 21 और 22 जुलाई को सोलन, शिमला, मंडी, सिरमौर और कांगड़ा ज़िले में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि इस दौरान ऊना, बिलासपुर और चंबा ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट है।

.................................................................................................